डीसीएम श्रीराम लिमिटेड ने वित्तीय परिणामों की घोषणा की

नई दिल्ली। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड ने आज क्यू 3 एफवाई 19 के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। रसायनों के राजस्व में 18 फीसदी तथा पीबीडीआईटी में 8 फीसदी वृद्धि। चीनी ने लगभग रु.300 प्रति क्विंटल का नकारात्मक मार्जिन दर्ज किया। डिस्टलरी और पावर राजस्व में कुछ कमी। 210 फीसदी का दूसरा अंतरिम लाभांश कुल 410 फीसदी पर पहुंचा। 1. चालू वर्ष का पीबीडीआईटी चीनी के आफ सीजन व्यय का वहन कर रहा है जो पिछले साल तक स्थगित था और निर्यात के लिए कच्ची चीनी के उत्पादन, बिक्री के कारण नुकसान 64.7 करोड़ रु. रहा, जिसकी क्षतिपूर्ति क्यू 4, 19 में की जाएगी। पीबीडीआईटी के अलावा यह कीमत 21 फीसदी बढ़ी है। 2. नेट राजस्व से 19 फीसदी साल दर साल से बढ़कर 2115 करोड़ रु. हो गया है। अपने उत्पाद राजस्व में 27 फीसदी साल दर साल की बढ़ोतरी। रसायन-कोटा प्लांट में नेट प्राप्ति में 11 फीसदी तथा वाल्यूम में 6 फीसदी वृद्धि के कारण राजस्व में 18 फीसदी साल दर साल की बढ़ोतरी। प्राप्ति में 11 फीसदी की वृद्धि के साथ राजस्व में 21 फीसदी बढ़ोतरी। चीनी कुल राजस्व (पावर और डिस्टलरी सहित) 43 प्रतिशत वायओवाय की दर से बढ़ा। घरेलू बिक्री में 40 फीसदी वृद्धि के साथ चीनी का राजस्व 37 फीसदी बढ़ा। चीनी की घरेलू खरीद में 12.7 फीसदी गिरावट। डिस्टलरी की बिक्री चालू वर्ष में शुरू हुई। जिसमें सेगमेंट में समग्र राजस्व में 10 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।